बिहार सरकार
राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग
(भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय)

संख्या :– 03 / 02–भू0अ0नि0(प0 चम्पारण) आरोप–14 / 2023.6111..... **पटना, दिनांक** :– 02/08/2023

आदेश

सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मु0), प0चम्पारण(बेतिया) के पत्रांक 295 दिनांक 28.04.2023 द्वारा सूचना दी गयी है कि श्री रवि कुमार माली, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02888) मार्च, 2022 से लगातार अपने कर्त्तव्य से अनुपस्थित हैं। इनके लगातार अनुपस्थित रहने के कारण विधिसम्मत कार्रवाई करने की अनुशंसा की गयी है।

प्राप्त अनुशंसा के आलोक में भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय के पत्रांक 4332 दिनांक 23.05.2023 द्वारा श्री रवि से 03 दिनों के अन्दर स्पष्टीकरण की मांग की गयी है। इनके द्वारा अपना लगभग डेढ़ माह की लम्बी अवधि के बाद भी स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया गया है।

उपरोक्त अनुशंसा के आलोक में निदेशालय स्तर पर संधारित सॉफ्टवेयर के माध्यम से इनके अनुपस्थिति के संबंध में जांच की गयी है। जांच से संबंधित प्रतिवेदन संचिका में रक्षित है। रक्षित प्रतिवेदन के अवलोकन से स्पष्ट होता है कि सहायक बंदोबस्त पदाधिकारी(मु0) द्वारा प्रतिवेदित सूचना सत्य है।

उपरोक्त तथ्यों से स्पष्ट होता है कि आरोपित सेवा करने के इच्छुक नहीं हैं क्योंकि आरोपित लगभग 01 वर्ष से अधिक अवधि से अनुपस्थित चल रहे हैं तथा नियंत्रण प्राधिकार स्तर पर स्पष्टीकरण की मांग किये जाने के बावजूद लम्बी अवधि तक स्पष्टीकरण समर्पित नहीं किया जाना इनके कर्त्तव्यहीनता, मनमानापन एवं स्वेच्छाचारिता का परिचायक है।

चूंकि विशेष सर्वेक्षण कार्य एक समयबद्ध कार्यक्रम है, जिसे निर्धारित समय सीमा में पूर्ण करना सरकार की प्राथमिकता है, ऐसे कर्मियों के रहते हुए निर्धारित समय सीमा में लक्ष्य की प्राप्ति नहीं की जा सकती है। इनके इस कृत्य का प्रभाव अन्य कर्मियों पर न पड़े इसके दृष्टिगत इन्हें संविदा में बनाए रखना उचित नहीं होगा।

अतः **''बिहार सर्वेक्षण मानदेय आधारित संविदा नियोजन नियमावली 2019 के नियम 8(4)''** के आलोक में श्री रवि कुमार माली, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02888) का संविदा नियोजन समाप्त किया जाता है।

28/7/23
(जय सिंह)
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(प0 चम्पारण) आरोप–14 / 2023.6111..... **पटना, दिनांक** :–02/08/2023
प्रतिलिपि :– श्री रवि कुमार माली, विशेष सर्वेक्षण अमीन (AEN02888), बंदोबस्त कार्यालय, प0चम्पारण(बेतिया) को सूचनार्थ प्रेषित।

28/7/23
निदेशक
भू–अभिलेख एवं परिमाप

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(प0 चम्पारण) आरोप–14 / 2023...6111... **पटना, दिनांक** :–02/08/2023

प्रतिलिपि :– बंदोबस्त पदाधिकारी, बंदोबस्त कार्यालय, प0चम्पारण(बेतिया) को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

निदेशक 28/7/23
भू–अभिलेख एवं परिमाप,

ज्ञापांक :– 03 / 02–भू0अ0नि0(प0 चम्पारण) आरोप–14 / 2023...6111... **पटना, दिनांक** :–02/08/2023

प्रतिलिपि :– श्रीमती सरिता कुमारी, प्रोग्रामर, भू–अभिलेख एवं परिमाप निदेशालय को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं इसकी स्कैन कॉपी R2R अन्तर्गत संधारित श्री रवि की व्यक्तिगत संचिका में अपलोड करने हेतु प्रेषित।

निदेशक 28/7/23
भू–अभिलेख एवं परिमा